पत्र संख्या-3/एफ-01-29/2013.- 5900..... /वि0,

बिहार सरकार

वित्त विभाग ।

संकल्प

दिनांक-03.07.2015

विषयः- कर्मचारियों/पदाधिकारियों की हड़ताल अवधि को अर्जित अवकाश स्वीकृत कर विनियमित करने के संबंध में।

वित्त विभागीय संकल्प सं0-1789 दिनांकः 20.02.2014 द्वारा विभिन्न कर्मचारी संगठनों/संघों द्वारा दिनांक 15.09.1997 से 12.03.2013 के बीच की गई हड़ताल अवधियों को देय उपार्जित अवकाश के रूप में विनियमित किया गया है ।

2. वित्त विभागीय संकल्प सं0-1789 दिनांकः 20.02.2014 निर्गत होने के बाद कुछ कर्मचारी संगठनों/संघों द्वारा सूचित किया गया कि अनुलग्नक-1 में अंकित हड़ताल अवधियों के विनियमन हेतु सूचना नहीं दी जा सकी जिसके फलस्वरूप उक्त संकल्प में इन हड़ताल अवधियों को नहीं जोड़ा जा सका। इन संघों/संगठनों द्वारा अनुरोध किया गया कि अनुलग्नक-1 में अंकित हड़ताल अवधियों को देय उपार्जित अवकाश से विनियमित किया जाय। इस मांग पर समुचित निर्णय राज्य सरकार के अधीन विचाराधीन था।

3. राज्य के विभिन्न कर्मचारी/पदाधिकारी संगठनों/संघों से प्राप्त अभ्यावेदन पर सम्यक रूप से विचार करते हुए वित्त विभागीय संकल्प सं0-1789 दिनांकः 20.02.2014 में सरकार द्वारा पूर्व में लिये गये निर्णय के आलोक में अनुलग्नक-1 में अंकित हड़ताल अवधियों को उक्त संकल्प में निहित शर्तो एवं प्रक्रियाओं के अधीन देय उपार्जित अवकाश के रूप में विनियमित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

आदेशः- आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राज्य पत्र के अगले अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह०/-

(एच0 आर0 श्रीनिवास)

सचिव (संसाधन), वित्त विभाग।

ज्ञापांक - 3/एफ-01-29/13 - 5900/वि0 पटना, दिनांकः-03.07.2015

प्रतिलिपि-महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाइ हेतु प्रेषित।

ह0/-

(एच0 आर0 श्रीनिवास)

सचिव (संसाधन), वित्त विभाग।

ज्ञापांक – 3/एफ–01–29/13 – 5900/वि0 पटना, दिनांकः–03.07.2015

प्रतिलिपि– सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/महानिबंधक, उच्च न्यायालय, पटना/सचिव, बिहार विधान सभा/सचिव, विधान परिषद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

(एच0 आर0 श्रीनिवास)
सचिव (संसाधन), वित्त विभाग।

ज्ञापांक – 3/एफ–01–29/13 – 5900/वि0 पटना, दिनांकः–03.07.2015

प्रतिलिपि– सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी समाहर्त्ता/सभी उप विकास आयुक्त एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

(एच0 आर0 श्रीनिवास)
सचिव (संसाधन), वित्त विभाग।

ज्ञापांक – 3/एफ–01–29/13 – 5900/वि0 पटना, दिनांकः–03.07.2015

प्रतिलिपि– सभी कोषागार पदाधिकारी/सभी जिला लेखा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

(एच0 आर0 श्रीनिवास)
सचिव (संसाधन), वित्त विभाग।

ज्ञापांक – 3/एफ–01–29/13 – 5900/वि0 पटना, दिनांकः–03.07.2015

प्रतिलिपि– प्रभारी ई–गजट शाखा एवं सिस्टम एनालिस्ट वित्त विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/7

(एच0 आर0 श्रीनिवास)
सचिव (संसाधन), वित्त विभाग।

अनुलग्नक-1

क.स.	संगठन जिसके आह्वान पर हड़ताल हुई	हड़ताल की तिथि/अवधि	कुल दिन	संवर्ग/विभाग जो हड़ताल पर रहे
1	बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट)	07.01.2009 से 09.02.2009	34 दिन	प्राथमिक शिक्षक संघ
		16.08.2010 से 20.10.2010	66 दिन	प्राथमिक शिक्षक संघ
2	बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ	11-12-98	1 दिन	राज्य के सभी क्षेत्रीय एवं सचिवालय कार्यालयों के वर्ग 3 एवं 4 के कर्मचारी
		30-10-2007	1 दिन	राज्य के सभी क्षेत्रीय एवं सचिवालय कार्यालयों के वर्ग 3 एवं 4 के कर्मचारी
3	बिहार राज्य कृषि सेवा संघ एवं बिहार कृषि स्नातक संघ	17-1-2009 से 09-02-2009	24 दिन	बिहार कृषि सेवा के कर्मी
4	सिंचाई, भू-अर्जन एवं पुनर्वास कर्मचारी संघ	23-03-2008 से 08-04-2008	16 दिन	सिंचाई, भू-अर्जन एवं पुनर्वास कर्मचारी संघ के सभी कर्मचारी

3/7

एच0आर0 श्रीनिवास

सचिव (संसाधन)